रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा, दो महिलाएं गंभीर घायल, साप्ताहिक बाजार के कारण थी भारी भीड़

# खड़ी बस में पिकअप ने मारी टक्कर, 1 की मौत






**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बस से जा टकराया। इस दौरान पैदल जा रही तीन महिलाएं इसकी चपेट में आ गईं, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार रविवार को राजेंद्रग्राम में साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण क्षेत्र में भारी भीड़ थी। इसी दौरान बस स्टैंड के पास एक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 2032 अनियंत्रित होकर पहले पैदल जा रही तीन महिलाओं से टकराया और फिर सीधे बस के पीछे जा घुसा।

### पुलिस हादसे के कारणों की कर रही पड़ताल

हादसे में 35 वर्षीय पप्पी बैगा निवासी ग्राम करौदापानी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 52 वर्षीय बरसिया बाई तथा 24 वर्षीय शिववती गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को आसपास मौजूद लोगों की मदद से पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर राजेंद्रग्राम पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है।

## विद्यालय की छात्रा से अश्लील छेड़खानी



अनूपपुर नगर के एक निजी विद्यालय में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत 8 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील छेड़खानी के गंभीर मामले में कोतवाली पुलिस ने विद्यालय के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने थाना कोतवाली अनूपपुर में शिकायत दर्ज कराई कि विद्यालय में कार्यरत कर्मचारी चन्द्रप्रकाश पटेल द्वारा उनकी बेटी के साथ बैड टच कर अश्लील छेड़खानी की गई।

### पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को किया गिरफ्तार

शिकायत मिलते ही महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली में मामला पंजीबद्ध किया गया। इसके पश्चात कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल निजी विद्यालय पहुंचकर आरोपी चन्द्रप्रकाश पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।





## हाथियों ने रात में गांवों में मचाया उत्पात

**मकान तोड़े, फसलें रौंदी, ग्रामीण भयभीत**

**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** जिले में बीते 48 दिनों से विचरण कर रहा हाथियों का दल पिछले 8 दिनों से दो भागों में बंट गया है। इनमें से एक दंत नर हाथी तहसील के सोनमौहरी बीट के जंगल में डटा हुआ है, जबकि दो अन्य हाथी जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में ठहरे हुए हैं। हाथी दिन के समय जंगल में विश्राम करता है और रात होते ही जंगल से बाहर निकलकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर भारी उत्पात मचा रहा है। हाथी द्वारा लगातार मकानों में तोड़फोड़ और खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार यह शाम ढलते ही यह जंगल से निकलकर सेंदुरी, सोनमौहरी एवं अमगवां ग्राम पंचायत के डोंगरीटोला जैसे गांवों में पहुंच रहा है। यहां हाथी ने कई ग्रामीणों के घरों के दरवाजे-खिड़कियां तोड़ दीं और गेहूं, अरहर व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाया।

### ग्रामीणों के खेतों में घुस गया

बीते दिनों हाथी ने सेंदुरी गांव में खेतों में लगी फसलें खाईं। ग्रामीणों द्वारा भगाए जाने पर वह देर रात अमगवां पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 डोंगरीटोला निवासी गणेश सिंह आर्मो के खेत में पहुंच गया, जहां उसने गेहूं व अरहर की फसल को नुकसान पहुंचाया। शनिवार की शाम हाथी पुन: जंगल से निकलकर सेंदुरी गांव के खिरना नदी, जल्दाटोला होते हुए कई ग्रामीणों के खेतों में घुस गया।

# नपा अध्यक्ष ने डॉ. बेबी नाज को किया सम्मानित

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश**



**कोतमा नवभारत 8 फरवरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ डॉ. बेबी नाज को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और मृदु व्यवहार के लिए नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ द्वारा गांधी चौक में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नगरवासियों को दी जा रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया है।

सम्मान ग्रहण करने के पश्चात डॉ. बेबी नाज ने संपूर्ण कोतमा नगर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉक्टर और मरीज के संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर और मरीज के बीच का रिश्ता बेहद नाजुक और विश्वास पर आधारित होता है। मरीज अपनी शारीरिक और मानसिक परेशानियां लेकर डॉक्टर के पास आता है, और एक डॉक्टर का धर्म है कि वह उसे पूरी तरह स्वस्थ करने का हर संभव प्रयास करे।

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए डॉ. बेबी नाज के गोल्डन टिप्स

वर्तमान जीवनशैली और खान-पान में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने क्षेत्रवासियों को कुछ महत्वपूर्ण सलाह दी कि खान-पान में शुद्धता: आजकल खाद्य पदार्थों में शुद्धता की कमी है, इसलिए बहुत संभलकर और साफ-सुथरे भोजन का चुनाव करें। बीमारियों से बचने के लिए साफ पानी पीने पर विशेष जोर दें।

### पैसे के साथ स्वास्थ्य भी कमाएं

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी पर टिप्पणी करते हुए डॉ. नाज ने कहा कि इंसान पूरा जीवन पैसा कमाने में लगा देता है और स्वास्थ्य को पीछे छोड़ देता है। उन्होंने अपील की कि 24 घंटे में से कम से कम 2 घंटे अपने शरीर के लिए निकालें, जिसमें व्यायाम और योग को शामिल करें। डॉक्टर बेबी नाज ने मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन का एक बड़ा आधार सुखी परिवार है।

## 27 हजार 915 रुपये का मशरूका जब्त

अनूपपुर नवभारत 8 फरवरी। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिले में जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतमा पुलिस ने सट्टा कारोबार में संलिप्त तीन आरोपियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 27 हजार 915 रुपये का मशरूका जब्त किया है। थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 7 फरवरी को मुखबिर सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक 1 में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान रवि कुमार सोनी सट्टा पट्टी काटते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, 2200 रुपये नगद एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी दिन वार्ड नंबर 1 भट्टी टोला में दशरथ प्रसाद सोनी के घर पर रेड कार्रवाई की गई। आरोपी के पास से सट्टा पर्ची, एक पेन तथा 365 रुपये नगद जब्त कर मामला दर्ज किया गया।

# विद्यालय की दीवारों पर उतरी छात्रों की कल्पना

**कलाकृतियों के माध्यम से दिया सामाजिक संदेश**



**कोतमा नवभारत 8 फरवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय कोतमा के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और तूलिका के रंगों से विद्यालय परिसर की सूरत बदल दी है। विद्यालय की दीवारों पर उकेरी गई बेहद सुंदर और संदेशपरक कलाकृतियों ने न केवल स्कूल की शोभा बढ़ाई है, बल्कि देखने वालों का मन भी मोह लिया है। छात्रों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से समाज के ज्वलंत विषयों को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया है। दीवारों पर मुख्य रूप से वृक्षारोपण, वन्य जीवों का संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा, जीवन चक्र का चित्रण, पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया, स्वच्छता का महत्व और धूम्रपान निषेध जैसे प्रेरणादायी चित्रण किया गया है।

### शिक्षकों की प्रेरणा और प्राचार्य का संबल

जब छात्र-छात्राओं से उनकी इस कला के पीछे की प्रेरणा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसका श्रेय अपने शिक्षकों और प्राचार्य आर.के. मिश्रा को दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि प्राचार्य महोदय ने न केवल उन्हें प्रोत्साहित किया, बल्कि रंगों, पेंट और अन्य आवश्यक सामग्रियों की मांग करने पर तत्काल सारी चीजें उपलब्ध कराईं। संसाधनों की कमी नहीं होने के कारण ही वे इतनी लगन और एकाग्रता से इन चित्रों को बना सके।

### बहुआयामी प्रतिभा को निखारने का प्रयास

इस अनूठी पहल के विषय में विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा ने बताया कि आमतौर पर चित्रकला प्रतियोगिताएं ड्राइंग शीट तक सीमित रहती हैं, लेकिन छात्रों की प्रतिभा को विस्तार देने के लिए दीवारों को 'कैनवास' बनाने का निर्णय लिया गया। बच्चे बहुआयामी प्रतिभा के धनी होते हैं। एक शिक्षक की भूमिका उनकी इस छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने की होती है। हमने तय किया कि छात्रों के माध्यम से दीवारों पर चित्रण कराया जाए ताकि उनकी कला को स्थायित्व मिले।

## एक नजर में



### आदिवासी अधिकार दिवस वं सशक्तिकरण शिविर का आज से

**अनूपपुर, नवभारत।** अमरकंटक स्थित शांतिकुटी में सोमवार से मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के बैनर तले आदिवासी अधिकार दिवस एवं सशक्तिकरण को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ होगा। इस शिविर में प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष सिंह प्रमुख रूप से शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी एवं कांग्रेस नेता सत्येंद्र स्वरूप दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर आदिवासी समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनके हक की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जा चुके हैं और आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी किए जाएंगे।




### अनूपपुर जंक्शन का अधूरा सौंदर्यीकरण

**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत अनूपपुर जंक्शन को अमृत भारत स्टेशन एवं गतिमान योजना के तहत आधुनिक स्वरूप देने का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। स्टेशन परिसर के भीतर एवं बाहर रंग-रोगन, आकर्षक सजावट और कुछ आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया है, जिससे स्टेशन की छवि बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि स्थानीय नागरिकों और यात्रियों का कहना है कि सौंदर्यीकरण का यह कार्य अब भी अधूरा और असंतुलित दिखाई दे रहा है। स्टेशन के एक हिस्से को जहां आकर्षक रूप दिया गया है, वहीं पैदल ब्रिज के समीप का क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित नजर आता है, जिससे समग्र सौंदर्य प्रभावित हो रहा है। यदि तुलना की जाए तो समीपवर्ती शहडोल रेलवे स्टेशन पर स्थानीय प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक धरोहरों की झलक सजावट में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो यात्रियों को जिले की पहचान से जोड़ती है।

#### पहचान की कोई विशेष झलक नहीं मिलती

इसके विपरीत अनूपपुर, जो कि अमरकंटक एवं मां नर्मदा के उद्गम स्थल से जुड़ा एक महत्वपूर्ण धार्मिक व पर्यटन केंद्र है, वहां स्टेशन परिसर में इस पहचान की कोई विशेष झलक नहीं मिलती। स्थानीय लोगों का सुझाव है कि अनूपपुर स्टेशन के बाहर मां नर्मदा एवं अमरकंटक थीम आधारित सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए, जिससे यहां उतरने वाले यात्रियों को जिले के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व की तुरंत जानकारी मिल सके। सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# 958 विद्यार्थियों ने दीं प्रवेश परीक्षा

**उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूलों की चयन प्रक्रिया**



**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु रविवार को आयोजित चयन परीक्षा अनूपपुर जिले के पाँच परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 958 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं परीक्षा समन्वयक अजय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। परीक्षा में मानसिक क्षमता, क्षेत्रीय भाषा, सामान्य सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान एवं बुनियादी अंग्रेजी से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिले में कुल 1068 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था, जिनमें से 958 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 110 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।



### पंजीयन अपेक्षाकृत कम रहा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर में 400 में से 344 विद्यार्थी उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर केंद्र में 476 में से 431 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कोतमा केंद्र में 97 में से 93, जैतहरी केंद्र में 78 में से 76 तथा राजेंद्रग्राम केंद्र में 17 में से 14 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा समन्वयक ने बताया कि राजेंद्रग्राम में शासन द्वारा संचालित सांदीपनि आवासीय विद्यालय होने के कारण वहां पंजीयन अपेक्षाकृत कम रहा।

## पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विपुल निर्विरोध निर्वाचित



**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुष्पराजगढ़ ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष पद का निर्वाचन रविवार 8 फरवरी को अमरकंटक स्थित मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में परिषद के सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही। जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में निर्वाचन अधिकारी चंदन केवट द्वारा पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप कराई गई। निर्वाचन में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से विपुल बरमैया को निर्विरोध पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष घोषित किया गया।



## रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य की रफ्तार सुस्त

**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चलने के कारण आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्षों से इस पुल के पूर्ण होने का इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिलने के बजाय रोजाना जाम, अव्यवस्थित यातायात और दुर्घटना की आशंका से जूझना पड़ रहा है।

निर्माण एजेंसी की लापरवाही और कार्य में सुस्ती से नाराज़ नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पत्रकारों के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। नागरिकों का आरोप है कि संबंधित सेतु निर्माण एजेंसी द्वारा न तो पर्याप्त श्रमिक लगाए जा रहे हैं और न ही आवश्यक मशीनरी व संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिसके चलते कार्य की प्रगति बेहद धीमी बनी हुई है।

### कार्य जानबूझकर लटकाया जा रहा

स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे साइड का अधिकांश कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन शेष हिस्सों में निर्माण कार्य न के बराबर दिखाई दे रहा है। यदि पर्याप्त मैनपावर और मशीनरी लगाई जाए तो ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा किया जा सकता है, लेकिन एजेंसी की उदासीनता के कारण कार्य जानबूझकर लटकाया जा रहा है।

जमुना कालरी वार्ड 3 में पूर्णाहुति, अखंड कीर्तन, रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के साथ तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन

# बस स्टैंड में की गई भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा, आज होगा भंडारा



**अनूपपुर, नवभारत 8 फरवरी।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत जमुना कालरी वार्ड क्रमांक 3 बस स्टैंड में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रम का समापन रविवार 8 फरवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार 9 फरवरी सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत 6 फरवरी शुक्रवार को कलश यात्रा एवं मंडप पूजा के साथ हुई। 7 फरवरी शनिवार को वास, विवाह एवं प्रतिष्ठा कर्म विधि-विधान से संपन्न कराए गए। समापन दिवस 8 फरवरी रविवार को पूर्णाहुति, अखंड कीर्तन, रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। नगर के प्रसिद्ध शास्त्री कमलेश महाराज एवं उनके सहयोगी आचार्यों द्वारा भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

### भजन-कीर्तन में डूबीं महिलाएं

प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन किया गया। इस दौरान वार्ड की माताएं-बहनें भजन-कीर्तन में सहभागी होकर भगवान शिव की आराधना में लीन रहीं। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 9 फरवरी सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर के सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम की सफलता में नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, पार्षद सविता रूपेश सिंह, राकेश गौतम, रूपेश सिंह, संतोष पनिका, रत्नेश सिंह, राजेश सिंह, महीप द्विवेदी, पुष्पा सिंह, रूबी विश्वास, विभा दुबे, परमानंद, विकास सिंह, चुनचुन सिंह, जया सिंह, वीरू सिंह, आशुतोष विश्वकर्मा, जानकी प्रदीप सिंह, मालती वर्मा, सुरेश गुप्ता, अजय राजवाड़े,



हीरालाल विश्वकर्मा, जयराम सिंह, अनुज पटेल, रामलाल नानू सहित समस्त वार्डवासियों का सहयोग रहा।

### शिव बारात निकाली गई

भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात वार्ड-3 बस स्टैंड से ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बरात कोऑपरेटिव शिव मंदिर होते हुए नगर भ्रमण कर वापस आयोजन स्थल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं द्वारा आरती उतारी गई। बारात एवं धार्मिक आयोजनों में नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह, भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, वार्ड-3 की पार्षद सविता रूपेश सिंह, वार्ड-4 के पार्षद विकास जायसवाल, रूपेश सिंह, पूर्व मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।